धान की बुवाई व रोपाई के लिए झमाझम बारिश का इंतजार खत्म, अब खेती का कार्य पकड़ेगा गति

# सक्रिय हुआ मानसून: दिन भर हुई बारिश ने किया तरबतर, किसानों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

झमाझम बारिश का इंतजार शुक्रवार को खत्म हो गया। सुबह से बारिश का क्रम शुरू हुआ। रूक रूक कर तेज तो कहीं रिमझिम बारिश होती रही। तेज बारिश से सड़कों में पानी भर गया। नाले नालियां उफान पर आ गई। बारिश की वजह से आवागमन भी थमा हुआ नजर आया। आसमान में छाये काले बादल गरज के साथ बरसते रहे। लंबे समय से तेज बारिश का किसानों को भी इंतजार था। रोपा तैयार कर किसान इस उम्मीद में बैठे थे कि झमाझम बारिश होते ही खेतों में जलभराव के साथ रोपा लगाने का कार्य शुरू करेंगे। वहीं धान की छींटा बुवाई का भी कार्य अब तेजी से होगा। बारिश के वजह से स्कूल आने जाने वाले बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौटते समय बारिश होने से बच्चे भीग भी गये।



### जिले में 84.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

जिले में 1 जून से 3 जुलाई तक कुल 84.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 189.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान स्लीमनाबाद तहसील में रिकार्ड 302.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील रीठी में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 150.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 76.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 150.5 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 23.0 मिलीमीटर, बरही तहसील में 97.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 82.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 78.5 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 126.1 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 37.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## मझगवां स्थित स्कूल में गिरा पेड़, बाल बाल बचे बच्चे

शासकीय प्राथमिक शाला मझगवा में शुक्रवार को उस समय एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब स्कूल परिसर में लगा एक विशालकाय पेड़ अचानक जड़ सहित उखड़कर बाउंड्रीवॉल के अंदर गिर गया। यह घटना उस वक्त हुई जब मासूम बच्चे मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) कर रहे थे। पेड़ गिरते ही स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन गनीमत रही कि सभी बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं।



प्रत्यक्षदर्शियों से के अनुसार क्षेत्र में पिछले कुछ समय से लगातार तेज बारिश हो रही है। अत्यधिक नमी के कारण पेड़ की जड़ें कमजोर हो चुकी थीं। शुक्रवार को तेज बारिश के दौरान अचानक यह भारी-भरकम पेड़ भरभराकर स्कूल की बाउंड्रीवॉल पर आ गिरा। यदि यह पेड़ कुछ पल पहले या बाद में गिरता, तो एक बड़ी जनहानि हो सकती थी। पेड़ जैसे ही बाउंड्रीवॉल पर गिरा, उसकी चपेट में आने से स्कूल के पास से गुजर रही बिजली की लाइन के तार भी टूट गए। तार टूटते ही आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि, घटना की जानकारी तुरंत विद्युत विभाग को दी गई, जिसके बाद बिजली आपूर्ति को तत्काल बंद कर दिया गया। इस त्वरित कार्रवाई की वजह से परिसर में करंट फैलने का बड़ा खतरा टल गया। घटना के तुरंत बाद स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने मुस्तैदी दिखाते हुए सभी मासूम बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया।

खबर संक्षेप



## ट्रक ने कार को मारी टक्कर, वाहन क्षतिग्रस्त

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के साईं मंदिर के पास रेत लोड एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पूरी तरह घूम गई और करीब 40 फीट तक घिसटती चली गई। दुर्घटना के फौरन बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोग घटना स्थल पर जमा हो गए। हादसे के बाद स्थानीय नागरिकों ने तुरंत क्षतिग्रस्त कार का दरवाजा खोलकर उसमें फंसे सभी कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। राहत की बात यह रही कि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही कुठला थाना पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने क्रेन और स्थानीय लोगों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को बीच सड़क से हटवाकर किनारे करवाया, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बहाल हो सके। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और हादसे के सही कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

## डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल का कटनी प्रवास आज

**कटनी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेद्र शुक्ल शनिवार को कटनी जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे स्थानीय कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शुक्रवार रात्रि भोपाल स्थित निज निवास से प्रस्थान कर शनिवार प्रातः मैहर पहुंचेंगे, जहां वे माँ शारदा का दर्शन एवं पूजन करेंगे। इसके उपरांत वे प्रातः 10 बजे मैहर से कार द्वारा कटनी के लिए रवाना होंगे। कटनी आगमन के पश्चात वे प्रातः 11 बजे एक दैनिक निजी समाचार पत्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम' में शामिल होंगे। कार्यक्रम उपरांत वे दोपहर 2 बजे कटनी से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पुलिस द्वारा बाढ़ संभावित क्षेत्रों का किया गया भ्रमण, रखवाये स्टॉपर



**सिलौंडी।** शासन के निर्देश पर थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी के मार्गदर्शन में चौकी सिलौडी पुलिस द्वारा संभावित बाढ़ क्षेत्रो का भ्रमण किया गया एवं स्टॉपर रखवाये गये। एवं सभी ग्राम जनों से अपील की गई कि पुल पर पानी होने पर वाहन ना निकाले। इस दौरान चौकी प्रभारी अनिल पांडे,प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा,धर्मवीर ,रामसेवक विश्वकर्मा की मौजूदगी रही ।

## कलेक्टर की फटकार के बाद शुरू हुआ ड्रेनेज सुधार कार्य

**कटनी।** जिला चिकित्सालय में जलभराव और गंदगी को लेकर कलेक्टर आशीष तिवारी की सख्ती का असर तत्काल दिख गया। शुक्रवार सुबह औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर की जाम नालियों और अव्यवस्थित ड्रेनेज प्रणाली पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने तीन दिवस के भीतर समुचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण समाप्त होते ही तकनीकी अमला सक्रिय हो गया तथा ड्रेनेज व्यवस्था के सुधार का कार्य तत्काल प्रारंभ कर दिया गया। कलेक्टर ने दो टूक कहा था कि जिला चिकित्सालय जैसे संवेदनशील संस्थान में जलभराव और गंदगी की स्थिति किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग की परियोजना क्रियान्वयन इकाई तथा जिला चिकित्सालय प्रशासन को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए ऐसी स्थायी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे भविष्य में अस्पताल परिसर में जलभराव की पुनरावृत्ति न हो। कलेक्टर के निर्देशों के पालन में मप्र भवन विकास निगम के डिप्टी जनरल मैनेजर मानवेन्द्र सिंह, एसडीओ अभिराज सिंह तथा इंजीनियरों की टीम ने सर्वेक्षण किया।

## 144 लीटर अवैध देशी एवं अंग्रेजी सहित कच्ची शराब जब्त, 59 प्रकरण पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ऑपरेशन शिकंजा के तहत पुलिस द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्यवाही का उद्देश्य कटनी जिले में नशे के कारोबार पर पूर्णतया प्रतिबंध एवं नशे को जड़ से समाप्त हेतु संलिप्त कारोबारियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करना है।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों, समस्त थाना प्रभारियों, एवं उनकी टीमों द्वारा एक साथ संपूर्ण जिले में रेड कार्यवाही को अंजाम दिया गया। जिसमें कार्यवाही के दौरान 59 व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 59 प्रकरण दर्ज किए गए आरोपियों से कुल 122.88 लीटर अवैध अंग्रेजी, देशी शराब, 22 लीटर कच्ची शराब कुल 144.88 लीटर बरामद की गई। जप्त अवैध शराब की कीमत 73370 आकी गई। कटनी पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि कहीं भी अवैध शराब के निर्माण या विक्रय की सूचना हो, तो तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 7587615946 पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।



## प्रभारी मंत्री आज कटनी दौरे पर, कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**कटनी।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह शनिवार, 4 जुलाई को कटनी जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री सिंह सुबह 9:30 बजे नरसिंहपुर जिले के ग्राम लोलरी से कटनी के लिए प्रस्थान करेंगे और व्हाया जबलपुर सड़क मार्ग से सुबह 11:30 बजे कटनी पहुंचेंगे। कटनी आगमन के पश्चात वे एक दैनिक निजी समाचार पत्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, कटनी में जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से मुलाकात करेंगे।

दोपहर 3 बजे मंत्री श्री सिंह कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात मंत्री श्री सिंह शाम 4:30 बजे कटनी से लोलरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सीईओ ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर दिये निर्देश



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सेक्टर स्तरीय बैठक उमरियापान एवं धरवारा पंचायत भवन में आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी ने विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में सीईओ ने विकसित भारत जीरामजी, समग्र, प्रधानमंत्री आवास योजना की ई-केवाईसी, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, संबल नवीन पंजीयन, अनुग्रह सहायता के लंबित प्रकरण, पेंशन डीएलसी सत्यापन, पूर्ण एवं लंबित प्रधानमंत्री आवास तथा अन्य लंबित निर्माण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को लंबित कार्यों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में एपीओ धर्मेन्द्र पटेल, पीएम आवास के बीसी अभिषेक भार्गव, उपयंत्री मनीष हल्दकार सहित सेक्टर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

मासांत तक चलेगा अभियान, विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन

## स्टॉप डायरिया कैंपेन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये सीईओ ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्टॉप डायरिया अभियान 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सप्ताहिक गतिविधियों के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्टॉप डायरिया कैंपेन 2026 का संचालन किया जा रहा है। स्वच्छ जल समुचित उपचार-डायरिया से बचें हर बार की थीम पर देश में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के स्वास्थ्य की गंभीर समस्या डायरिया (दस्त रोग) की रोकथाम समय पर उपचार, स्वछता, स्वच्छ पेयजल और व्यापक जन जागरूकता सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर यह अभियान 31 जुलाई तक संचालित रहेगा।

### तीन चरणों में गतिविधियां

अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पेयजल एवं स्वच्छता,स्कूल शिक्षा,ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज विभाग को आपसी समन्वय एवं अभिसरण के माध्यम से ग्राम एवं समुदाय स्तर पर बचाव रोकथाम और उपचार की रणनीति को सुदृढ़ और परिणाम मूलक करने विशेष कार्य योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। अभियान के दौरान तीन चरणों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर दीवार लेखन,साफ सफाई , नुक्कड़ नाटक लोक माध्यमों और सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए ग्रामों के मध्य स्वच्छता एवं साफ सफाई से संबंधित स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।अभियान की प्रगति की समीक्षा निगरानी एवं प्रमुख संकेतकों के आधार पर की जाएगी।

माधवनगर पुलिस को मिली सफलता, चंदन के पेड़ों के टुकड़े भी बरामद

## चंदन के पेड़ों की चोरी करने वाले गिरोह के 6 सदस्यों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर पुलिस ने चंदन के पेड़ों की चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए चंदन के पेड़ों के टुकड़े भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह में महिला और पुरुष दोनों शामिल थे, जो पहले माला, रुद्राक्ष आदि बेचने के बहाने क्षेत्र की रेकी करते थे और बाद में रात के समय चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

पुलिस के अनुसार ग्राम छहरी स्थित शंकर सिंधी के चंदन और आंवले के बगीचे से 8 और 9 मार्च 2026 की रात 15 चंदन के पेड़ काटकर चोरी कर लिए गए थे, जबकि 15 अन्य पेड़ों के तनों को काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। मामले में चौकीदार कमलेश कुशवाहा की शिकायत पर थाना माधवनगर में अपराध क्रमांक 229/26 दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। लगातार तलाश के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी सतना जिले में हैं, जहां से उन्हें गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर कटनी लाया गया।



गिरफ्तार आरोपियों में राजू उर्फ चमरा पारधी, ईजुव पारधी, इलावन पारधी, मकौना उर्फ मतऊआ पारधी, अक्सेना उर्फ गुलगुली पारधी (सभी निवासी पटेहरा, थाना कुठला, जिला कटनी) तथा डई पारधी (निवासी देवरी, थाना बीजाडांडी, जिला मंडला) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए चंदन के टुकड़े जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह के खिलाफ कटनी के सीमावर्ती जिला सतना में भी अपराध दर्ज हैं।

यह कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी कमल मौर्य एवं सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में एसआई नवीन नामदेव, उपनिरीक्षक योगेश मिश्रा, एएसआई रामनरेश मिश्रा एवं आरक्षक लोकेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जिला प्रशासन ने बचाव के नियमों का पालन करने का किया आग्रह

## बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली की दुर्घटनाओं से बचने एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आकाशीय बिजली (वज्रपात) से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने जन समुदाय के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है। इनका पालन कर आकाशीय बिजली (वज्रपात) से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है।

आकाशीय बिजली (वज्रपात) से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं।

ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें।

### अपनाएं सुरक्षात्मक उपाय

बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है।

जिले में आकाशीय बिजली वज्रपात के कारण व्यापक स्तर पर जान-माल के नुकसान को रोके जाने तथा आकाशीय बिजली वज्रपात की आपदाओं से बचाव के लिए जारी सुझावों के अनुसार मोबाइल एप ₹दामिनी₹ को इंस्टॉल करने का आग्रह किया गया है।जिससे संबंधित क्षेत्र में आकाशीय बिजली या वज्रपात की संभावना की जानकारी 24 घंटे प्राप्त हो सके। साथ ही जन समुदाय को भी ₹दामिनी₹ मोबाइल ऐप को डाउनलोड करने की सलाह दी गई।

बरतीं जाए सावधानियां

खेतों में कार्य करने वाले किसानों से आग्रह है कि वे आकाशीय बिजली के कड़कने और चमकने के दौरान तत्काल सुरक्षित स्थलों में चले जाएं ।साथ ही बारिश से बचाव के लिए पेड़ों के नीचे समूह में खड़े ना हो। अपने पास किसी भी प्रकार के धातु की वस्तु ना रखें तथा ट्रैक्टर आदि धातु से बने खुले वाहनों से दूर रहें। जल अथवा जलीय क्षेत्र में ना जाएं तथा जल के संपर्क में आने वाले कोई भी कार्य इस अवधि तक स्थगित रखें जाएं जैसे कि धान रोपाई का कार्य आदि।

औद्योगिक इकाइयों के संचालकों और उद्योगपतियों से आग्रह किया गया है कि वे उद्योगों तथा अन्य कार्य स्थलों में खुले क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों को वज्रपात आकाशीय बिजली से बचाव के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने साथ ही उद्योगों में सुरक्षा कोड अनुसार तड़ित संचालक लगवाया जाना सुनिश्चित करें।

## जलभराव से परेशान ग्रामीणों को मिली राहत प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर हटाया अवरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम निमास में पिछले छह माह से जलभराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर बड़ी राहत मिली है। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जल निकासी में बाधा बन रहे अवरोध को हटाया और सीमेंट पाइप डाल कर स्थायी जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी।

गौरतलब है कि बीते 16 जून को हुई जनसुनवाई में ग्राम निमास के सुखलाल मेहरा सहित वार्ड क्रमांक 10 एवं 11 के ग्रामीणों ने कलेक्टर आशीष तिवारी से शिकायत की थी कि गांव के कुछ लोगों द्वारा जल निकासी मार्ग अवरुद्ध कर दिए जाने से पिछले लगभग छह माह से क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनी हुई है।



गंदा पानी जमा रहने के कारण निचली बस्ती के रहवासियों, महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को प्रतिदिन आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था तथा संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी हुई थी।

ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री तिवारी ने तत्काल स्लीमनाबाद तहसीलदार को स्थल निरीक्षण कर शीघ्र एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनके निर्देशों के पालन में शुक्रवार को तहसीलदार आकाशदीप नामदेव पुलिस बल के साथ ग्राम निमास पहुंचे। प्रशासनिक टीम ने ग्रामीणों की उपस्थिति में पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया और जल निकासी में बाधक बन रही मेढ़ को हटवाकर आवश्यक स्थान पर सीमेंट पाइप डलवाए, जिससे पानी की निकासी पुनः सुचारू हो गई।

## खबर संक्षेप

### प्रतिभा खोज के तहत विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ियों का होगा चयन

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश में संचालित विभिन्न खेल अकादमियों हेतु प्रतिभा खोज (टैलेंट सर्च) कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें खेल अकादमियों में प्रशिक्षण का अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रतिभा खोज कार्यक्रम के अंतर्गत एथलेटिक्स, फेंसिंग, कुश्ती, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, जूडो, तायक्वांडो, हॉकी, आर्चरी, वाटर स्पोर्ट्स, घुड़सवारी, शूटिंग (राइफल, शॉटगन एवं पिस्टल) तथा ट्रायथलॉन सहित विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। खेल अकादमियों में प्रवेश हेतु इच्छुक खिलाड़ी विभाग की निर्धारित वेबसाइट https://talentsearch.dsywmp.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन के उपरांत खिलाड़ी वेबसाइट पर प्रदर्शित तिथि एवं स्थान के अनुसार उपस्थित होकर संबंधित खेल अकादमी के लिए ट्रायल में भाग ले सकेंगे। जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभा खोज कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई है। यह अवसर खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं खेल सुविधाएं प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### कॉलेज लेवल काउंसिलिंग का दूसरा चरण शुरू

**कटनी।** मप्र के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कॉलेज लेवल काउंस्लिंग (CLC) का द्वितीय चरण प्रारंभ कर दिया गया है। यह प्रक्रिया 15 जुलाई 2026 तक संचालित होगी। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, ऐसे विद्यार्थी जो अभी तक किसी कॉलेज में प्रवेश नहीं ले पाए हैं या बेहतर विकल्प की तलाश में हैं, वे इस चरण में भाग ले सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थियों को निर्धारित समयावधि के भीतर पंजीयन कर कॉलेज चयन की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय पर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### संभागीय कार्यशाला का आयोजन 15 जुलाई को

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों की श्रृंखला में नल जल योजनाओं के सुदृढ़ीकरण, संचालन, संधारण और प्रबंधन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संभाग स्तर पर आयोजित किया जाना है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, लेखा अधिकारी जिला पंचायत, परियोजना अधिकारी VB-GRAM-G जिला पंचायत, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जिला पंचायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक परियोजना अधिकारी VB-GRAM-G जनपद पंचायत, सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जनपद पंचायत और पंचायत समन्वय अधिकारी जनपद पंचायत को 15 जुलाई को संभाग स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित होकर शामिल होने के निर्देश दिए हैं। उक्त अधिकारी जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों को कार्यशाला में प्राप्त जानकारी से विस्तार से अवगत कराएंगे।

### शराब का अवैध परिवहन करते वाहन को ग्रामीणों ने पकड़ा

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र के केना गांव में ग्रामीणों ने अवैध शराब का परिवहन कर रहे दो लोगों को पकड़ लिया गया। दोनों आरोपी बिना नंबर की मोटरसाइकिल से भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर जा रहे थे। ग्रामीणों ने उन्हें रोककर तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर बिना नंबर की बाइक तथा भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ओपीडी में चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति, मरीजों की सुविधा पर विशेष ध्यान देने की दी हिदायत

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, जलभराव और गंदगी देख लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और अस्पतालों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों का भ्रमण कर उपचार व्यवस्था, चिकित्सकों की उपलब्धता, स्वच्छता, मरीजों की सुविधाओं का जायजा लिया। अस्पताल परिसर में नालियों के कारण हुए जलभराव और फैली गंदगी को देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तीन दिवस के भीतर संपूर्ण ड्रेनेज व्यवस्था दुरुस्त कर अस्पताल परिसर को जलभराव मुक्त बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष मिश्रा सहित अन्य चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

#### मरीजों को समय पर मिले उपचार

कलेक्टर श्री तिवारी ने आकस्मिक चिकित्सा कक्ष, पंजीयन कक्ष, सामान्य एवं मेडिसिन ओपीडी, अस्थि रोग, दंत रोग, स्त्री रोग तथा शिशु रोग विभाग का निरीक्षण किया। अधिकांश विभागों में चिकित्सक मरीजों का उपचार करते हुए मिले। शल्य चिकित्सा ओपीडी में चिकित्सक के वार्ड राउंड पर होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक सभी ओपीडी में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि उपचार के लिए आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों और उनके परिजनों के बैठने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी एवं प्रतीक्षालयों में बैठने के लिए अतिरिक्त बेंच उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाला प्रत्येक व्यक्ति सम्मानजनक, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण का अधिकारी है तथा छोटी-छोटी सुविधाएं भी मरीजों के उपचार अनुभव को बेहतर बनाती हैं।

#### तीन दिन में दुरूस्त करें व्यवस्था

अस्पताल परिसर में जलभराव और गंदगी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने सिविल सर्जन तथा परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआईयू) के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि नालियों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था में सुधार तथा परिसर की समुचित सफाई का कार्य तीन दिनों के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्षा ऋतु में अस्पताल परिसर में जलभराव की स्थिति किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं होगी और व्यवस्थाओं में लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाएगी।

#### क्रिटिकल केयर ब्लॉक का लिया जायजा

कलेक्टर ने निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि भवन के आसपास प्रभावी जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में जलभराव से अस्पताल की सेवाएं प्रभावित न हों। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।

#### मरीजों से सीधे जाना फीडबैक

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे संवाद कर उपचार, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों के व्यवहार और अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मरीजों की संतुष्टि ही स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक कसौटी है। इसलिए प्रत्येक मरीज को समय पर उपचार, आवश्यक दवाएं, स्वच्छ वातावरण और संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय जिले की सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संस्था है। यहां आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण उपचार, बेहतर सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं चिकित्सकों को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए।

### समग्र आईडी में वैवाहिक स्थिति सुधारने की प्रक्रिया हुई सरल

**कटनी।** मप्र शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समग्र आईडी में वैवाहिक स्थिति से संबंधित त्रुटियों के संशोधन की प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी एवं नागरिक हितैषी बनाया गया है। इस संबंध में विभाग के प्रमुख सचिव एम. सेलवेन्द्रन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नई व्यवस्था के तहत अब नागरिक निर्धारित दस्तावेजों के साथ समग्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन का परीक्षण एवं ई-प्रमाणीकरण ग्राम पंचायत अथवा वार्ड स्तर पर किया जाएगा, जिससे अधिकांश प्रकरणों का निराकरण स्थानीय स्तर पर ही शीघ्रता से संभव हो सकेगा। यदि किसी नागरिक की समग्र आईडी में वैवाहिक स्थिति त्रुटिवश गलत दर्ज हो गई है, तो वह स्वघोषणा-पत्र एवं निर्धारित जनप्रतिनिधि या संबंधित अधिकारी की अनुशंसा के आधार पर संशोधन के लिए आवेदन कर सकेगा। इसी प्रकार तलाकशुदा, परित्यक्ता, विधवा एवं विधुर श्रेणी से संबंधित विभिन्न प्रकार के संशोधनों के लिए आवश्यक दस्तावेजों एवं अनुमोदन प्रक्रिया का भी स्पष्ट प्रावधान किया गया है। समग्र आईडी में वैवाहिक स्थिति संबंधी कोई त्रुटि है तो संशोधन कराएं।

## कातिलाना हमले के आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिक्योरिटी गार्ड पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। आरोपी वारदात के बाद फरार होकर शहर छोड़ने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार 1 जुलाई की रात रंजीत सिंह सिकरवार 39 पिता श्रीराम सिंह सिकरवार जो सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत हैं, घायल अवस्था में उपचार के लिए भर्ती हुए हैं। पुलिस अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली।

रंजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि 30 जून की रात करीब 10:30 बजे वह बार्डस्ले स्कूल के पीछे रेलवे लाइन किनारे स्थित कंपनी की साइट पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान बाबली टोला निवासी आसू उर्फ एलीसा पॉल वहां पहुंचा और साइट पर रखा लोहे का सामान उठाने लगा। जब रंजीत ने उसे रोकने का प्रयास किया तो आरोपी गाली-गलौज पर उतर आया। इसके बाद उसने अपने पास रखे चाकू से रंजीत पर जानलेवा हमला कर दिया। बचाव के दौरान चाकू रंजीत के बाएं कान के पास लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी घटनास्थल से फरार हो चुका था।

घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। पुलिस ने आरोपी के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी, लेकिन वह अपने घर से फरार मिला।इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कैलवारा फाटक के आसपास घूम रहा है और शहर से भागने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की और आरोपी आसू उर्फ एलीसा पॉल (45) पिता पियरसन पॉल, निवासी मरही माता मंदिर के पास, बाबली टोला, आजाद चौक, कटनी को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसके मेमोरेण्डम के आधार पर पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में पूर्व से आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है।

### बालिका के साथ छेड़छाड़ के आरोपित को किया गिरफ्तार

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस के अनुसार, 1 जुलाई को एक नाबालिग बालिका ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में अर्जुन हल्दकार 41 वर्ष पर बुरी नीयत से छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 74, 75, 351(3) तथा पॉक्सो एक्ट की धाराओं 7 एवं 8 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य तथा एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी सुदेश कुमार के नेतृत्व में की गई। इस कार्रवाई में सउनि जुबेर अली, मानकी धुर्वे, प्रधान आरक्षक तेजप्रकाश, लखन पटेल, शेख यूसुफ, महिला आरक्षक नेहा शर्मा, आरक्षक रजनीश टेकाम, आशीष पटेल तथा सैनिक सुभाष दुबे की सराहनीय भूमिका रही।

### अलोनी नदी घाट किनारे जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन



जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के समापन कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड कटनी के ग्राम घंघरी कला में स्थानीय अलोनी नदी के किनारे घाट और मंदिर परिसर में जागरूकता संगोष्ठी, घाट की साफ सफाई और गंगा आरती , दीपमाला सजावट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल, भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष श्री राम पटेल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि रामलाल चौधरी ,नंदलाल कोरी, सरपंच ग्राम पंचायत घंघरी कला समुद्र सिंह ठाकुर सरपंच, ग्राम पंचायत मझगवां फाटक संतोष निषाद ,समाजसेवी विजय दुबे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के द्वारा मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जन अभियान परिषद द्वारा जिले और विकासखंड में 19 मार्च से 30 जून तक चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के तीन चरणों में संपन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीराम पटेल ने अपने उद्बोधन में बताया कि शासन द्वारा जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन के लिए विगत 3 वर्षों से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसके माध्यम से जागरूकता अभियान चलाते हुए आम जन को भी अभियान में शामिल किया जा रहा है।

## अलग अलग थाना क्षेत्र में दबिश देकर पुलिस ने जब्त की देशी एवं अंग्रेजी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में अवैध शराब, नकदी और वाहन जब्त किए हैं। कोतवाली पुलिस ने शहर के अलग-अलग इलाकों में ग्राहक का इंतजार कर रहे शराब तस्करों को दबोचा है। शेर चौक (पुरानी बस्ती) में जय कुमार रख्यानी से 17 पाव सफेद प्लेन मदिरा जब्त की। आयुष पटेल से 18 पाव और राहुल रैकवार से 20 पाव देशी शराब जब्त की। बायपास रोड ग्राम द्वारा किनारे से विशाल भूमिया को 32 पाव शराब के साथ पकड़ा।

सूफी संत नगर व खिरहनी फाटक में अनिल खटीक से 18 पाव देशी मदिरा और छोटू बर्मन से 2 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब बरामद की गई। स्लीमनाबाद ने ग्राम चरगवां में पच्ची काछी के ठिकाने से 83 पाव (41 प्लेन, 42 मसाला) अवैध शराब जब्त की गई। धरवारा मेन रोड में अनिल उर्फ भूरा पांडे से 46 पाव अंग्रेजी गोवा व्हिस्की बरामद की गई। भूला व मवई रोड में ललिता बाई कोल से 41 पाव अंग्रेजी गोवा व्हिस्की और तुलसीराम कुशवाहा से 15 पाव देशी व 10 केन किंगफिशर बियर जब्त की। हरदुआ ग्राम में शीला बाई कोल से 19 पाव, नीलम चक्रवर्ती (बंधी स्टेशन) से शराब/बियर और कौड़िया शराब दुकान के पीछे अवैध अहाता चला रहे राजेश उर्फ रज्जू बर्मन, आनंद बर्मन व अर्जुन प्रसाद कलार को रंगे हाथ पकड़ा गया।

कुठला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बड़खेरा बिलहरी में घेराबंदी कर झर्रा टिकुरिया निवासी पवन वंशकार और शुभम पटेल को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 50 पाव सफेद प्लेन मदिरा और तस्करी में इस्तेमाल हो रही मोटरसाइकिल MP 21 ZF 1512 जब्त की गई। लमतरा पावर हाउस के पीछे से रन्नो उर्फ रन्नू कोरी को 20 पाव (मसाला व गोवा अंग्रेजी) शराब के साथ पकड़ा गया। वहीं इंड्रस्टियल एरिया, मझगवां और टोल टैक्स के पास अवैध रूप से शराब पिलाने वाले जितेंद्र यादव, गोविंद बर्मन (अंडे का ठेला), लोटल वंशकार और मानसिंह पटेल पर शिकंजा कसा गया। उमरियापान पुलिस ने ग्राम देवरी मंगेला से शिवलाल कोल (16 पाव) और श्रीमती रजनी पति मनमोहन (18 पाव देशी शराब) को गिरफ्तार किया गया।

*लंबे समय से किया जा रहा उत्खनन, मापदंडों का नहीं हो रहा पालन*

## नियमों को दरकिनार कर मुरूम की खुदाई के आरोप, लोगों ने की जांच करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा अंतर्गत आने वाले बरही क्षेत्र में कथित अवैध दोहन का एक गंभीर मामला गरमाता जा रहा है। बरही क्षेत्र की एक प्रमुख पहाड़ी पर पिछले काफी समय से चल रहे मुरूम उत्खनन को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि संबंधित स्थल पर तमाम शासन-प्रशासन के नियमों को ताक पर रखकर दिन-रात मुरूम की खुदाई की जा रही है। इस गतिविधि से न केवल क्षेत्र के पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुँच रही है, बल्कि शासन को मिलने वाले राजस्व के नियमों के भी खुले उल्लंघन की आशंका जताई जा रही है। पहाड़ी का सीना चीरकर निकाली जा रही इस मुरूम के कारण स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और नाराज़गी व्याप्त है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने अब लामबंद होकर प्रशासन से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग तेज कर दी है।

स्थानीय नागरिकों और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बरही क्षेत्र की इस चिन्हित पहाड़ी पर पिछले कई हफ़्तों से भारी-भरकम मशीनों जेसीबी के माध्यम से लगातार मुरूम निकाला जा रहा है। दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक, दर्जनों डंपर और हाइवा गाड़ियां इस पहाड़ी से मुरूम भरकर विभिन्न निर्माण स्थलों की ओर दौड़ रही हैं। इस अनियंत्रित और अत्यधिक उत्खनन के कारण पहाड़ी का प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह से प्रभावित हो चुका है। जहाँ कभी हरियाली और प्राकृतिक संरचना हुआ करती थी, वहाँ अब गहरे गड्ढे और मलबे के ढेर दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस तरह से पहाड़ी को खोदा जा रहा है, उससे साफ प्रतीत होता है कि यहाँ खनन के लिए निर्धारित किसी भी तकनीकी मापदंड या सीमा का पालन नहीं किया जा रहा है। यदि यह उत्खनन इसी रफ्तार से जारी रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब इस पहाड़ी का अस्तित्व ही पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। इस पूरे मामले में जो सबसे गंभीर पहलू उभरकर सामने आया है, वह है नियमों की अनदेखी। क्षेत्र में चर्चा है कि स्वीकृत सीमा से अधिक खुदाई क्या ठेकेदार या संबंधित एजेंसी को जितनी जमीन और जितनी गहराई तक मुरूम निकालने की अनुमति मिली थी, वह उससे कई गुना अधिक क्षेत्र में खुदाई कर रही है।

### महिलाओं के कानूनी अधिकार के लिये विशेष मार्गदर्शिका

## अपने अधिकारों का उपयोग करने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



महिलाओं के कानूनी अधिकार-एक विशेष मार्गदर्शिका जो खास रूप से महिलाओं की सुरक्षा एवं उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करती हुई का विमोचन बहोरीबंद के विधायक प्रणय प्रभात पांडे उपस्थित जनप्रतिनिधियों और जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की मौजूदगी में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत बड़गांव में किया गया। विधायक श्री पांडे ने उपस्थित महिलाओं के विशाल समूह से अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत रहने पुस्तिका को पढ़कर अपने अधिकारों का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि पंचायत राज संचालनालय मध्यप्रदेश एवं ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन (TRIF) के संयुक्त तत्वाधान में पुस्तिका को प्रकाशित किया गया था। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने बताया कि यह बहुउद्देशीय पुस्तिका अत्यंत उपयोगी एवं लाभदायक है। भेदभाव एवं हिंसा से प्रताड़ित महिलाओं हेतु पंचायत को फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में सुदृढ़ करना आवश्यक है। सुश्री कौर बताती हैं कि सरल भाषा में लिखी गई महिलाओं के कानूनी अधिकार विशेष मार्गदर्शिका में महिलाओं से संबंधित प्रमुख कानूनो का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों, सचिवों, ग्राम रोजगार सहायक, स्व सहायता समूह एवं अन्य समुदाय स्तरीय संस्थाओं तथा फ्रंटलाइन वर्कर्स की महिला के अधिकारों एवं सुरक्षात्मक कानून के संबंध में व्यावहारिक जानकारी होना चाहिए।

इस पुस्तिका की सहायता से न्याय तक पहुंच सुगम होगी। सुश्री कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायतों द्वारा निर्धारित लिंक के माध्यम से पुस्तिका की ई-प्रति को प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला एवं जनपद पंचायत स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। ₹महिलाओं के कानूनी अधिकार₹- एक विशेष मार्गदर्शिका में दहेज प्रतिषेध नियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध नियम 2006, महिलाओं का अशिष्ट चित्रण (निषेध) अधिनियम 1986,, प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961, विशेष विवाह अधिनियम 1954, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम बीएनएस और बीएनएसएस 2023 के संबंध में सहज भाषा में जानकारी दी गई है।

## निगमायुक्त ने दी हिदायत, तय समय में काम प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के समग्र और सुव्यवस्थित विकास को गति देने के लिए नगर निगम सख्त रुख अपना रहा है। नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने गुरुवार को लोक निर्माण शाखा के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि विकास कार्यों में समयबद्धता और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या अनावश्यक देरी होने पर संबंधित एजेंसी का अनुबंध निरस्त कर उसे ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने पाया कि कुछ स्वीकृत कार्यों में ठेकेदारों द्वारा तय समय-सीमा में अनुबंध निष्पादित नहीं किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में तत्काल नोटिस जारी किए जाएं। नोटिस के बाद भी यदि अनुबंध नहीं किया जाता है, तो एग्रीमेंट कैंसिल कर एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने का प्रस्ताव तैयार करें।

अनुबंध होने के बावजूद जो काम अब तक शुरू नहीं हुए हैं, उन पर नाराजगी जताते हुए निगमायुक्त ने उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए।वर्क ऑर्डर के बाद 7 दिन की डेडलाइनबैठक में निगमायुक्त ने कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा कि:किसी भी विकास कार्य का वर्क ऑर्डर जारी होने के अधिकतम सात दिनों के भीतर जमीनी स्तर पर काम शुरू हो जाना चाहिए।

कार्य प्रारंभ करने से पहले उसकी व्यवहार्यता का परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए।सभी उपयंत्री नियमित रूप से साइट विजिट करें और निर्माण में उच्च मानक की सामग्रियों का ही उपयोग सुनिश्चित कराएं।

#### बेहतर समन्वय बनाये

श्री परिहार ने जोर देकर कहा कि यदि किसी विकास कार्य में अन्य विभागों से जुड़ी कोई समस्या आ रही है, तो आपसी समन्वय और बैठकों के जरिए उसका त्वरित समाधान निकाला जाए ताकि शहर के विकास कार्य न रुकें।

बैठक में यह रहे उपस्थितःइस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, जयेंद्र प्रताप सिंह बघेल, शैलेन्द्र प्यासी, हिमांशु गौतम, राज ललित गुमास्ता, रवि हनौते और कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल सहित लोक निर्माण शाखा के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### एसडीओपी अर्चना अहीर के नेतृत्व में एमपीआरडीसी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने किया विस्तृत निरीक्षण

# सड़क हादसों पर लगेगा अंकुश, 7 ब्लैक स्पॉट चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में एसडीओपी अर्चना अहीर के नेतृत्व में मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीआरडीसी) के महाप्रबंधक नितिन सर, दमोह यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को तथा थाना प्रभारी टीआई सरोज ठाकुर ने संयुक्त रूप से दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) का विस्तृत निरीक्षण किया। संयुक्त टीम ने सागर रोड स्थित नाग बाबा से लेकर जबलपुर रोड स्थित पंडा बाबा तक के पूरे मार्ग का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क की स्थिति, तीव्र मोड़, दृश्यता, यातायात का दबाव तथा पूर्व में हुई सड़क दुर्घटनाओं का तकनीकी विश्लेषण किया गया। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों ने इस पूरे मार्ग पर कुल 7 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए, जहां सड़क दुर्घटनाओं की संभावना सर्वाधिक पाई गई। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि तेंदूखेड़ा–जबलपुर मार्ग का



लगभग 15 किलोमीटर का हिस्सा अत्यधिक दुर्घटना संभावित है। इसके अतिरिक्त झलौन मार्ग, तेजगढ़ मार्ग तथा तारादेही मार्ग पर भी कई ऐसे स्थान चिन्हित किए गए, जहां समय-समय पर सड़क दुर्घटनाएं होती रही हैं। इन सभी स्थानों पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ किए जाएंगे।

दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से अधिकारियों ने चिन्हित ब्लैक स्पॉटों पर सूचकांक बोर्ड, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, स्पीड लिमिट बोर्ड तथा आवश्यकता अनुसार स्पीड ब्रेकर निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित किए। इन सुरक्षा उपायों के लागू होने से वाहन चालकों को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पूर्व जानकारी मिल सकेगी, जिससे वे अपनी गति नियंत्रित कर सुरक्षित रूप से यात्रा कर सकेंगे और सड़क हादसों में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है।

निरीक्षण के दौरान एसडीओपी अर्चना अहीर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित स्थानों पर सभी सुरक्षा कार्य शीघ्र प्रारंभ कर समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए विभागीय समन्वय के साथ-साथ आम नागरिकों की सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने और सभी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि तेज गति अथवा शराब के नशे में वाहन चलाते पाए जाने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी।

दमोह यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को एवं थाना प्रभारी टीआई सरोज ठाकुर ने बताया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में नियमित निगरानी बढ़ाई जाएगी। साथ ही आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जनजागरूकता अभियान भी संचालित किए जाएंगे, ताकि दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके। मपीआरडीसी के महाप्रबंधक नितिन सर ने बताया कि चिन्हित सभी ब्लैक स्पॉटों का तकनीकी परीक्षण कर आवश्यक निर्माण एवं सुधार कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे। विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुधार किए जाएंगे, जिससे मार्ग और अधिक सुरक्षित एवं सुगम बन सके।

प्रशासन की इस संयुक्त पहल से तेंदूखेड़ा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि समयबद्ध सुरक्षा उपायों, प्रभावी निगरानी, विभागीय समन्वय तथा जनसहभागिता के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाकर आम नागरिकों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

इनका कहना है

एसडीओपी अर्चना अहीर ने बताया कि एमपी आरडीसी ,यातायात प्रभारी दमोह ,नगर निरीक्षक के साथ क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं के ब्लैक स्पॉटों को देखा गया है इन ब्लैक स्पॉट पर कैसे दुर्घटनाएं को रोका जा सकता है क्या-क्या करने की आवश्यकता है वह सभी चाहे जगह संकेतक बोर्ड स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर आदि लगाए जाएंगे ताकि दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके साथ ही उन्होंने वाहन चालकों को अपील की है कि बे वाहन धीमी गति से चलाएं, नशे में वाहन ना चलाएं , दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का इस्तेमाल करें बड़े वाहन सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाएं यदि वाहन चालकों में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो चालानी कार्रवाई की जाएगी

## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

भाजपा सरकार में किसानों के साथ हो रहे अत्याचार, खाद-बीज की किल्लत डीजल एवं बिजली की बढ़ती कीमतों के विरोध में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाह्न पर हटा कृषि उपज मंडी परिसर में ब्लॉक व नगर कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम राकेश मरकाम को ज्ञापन सोपा। जिसमें उल्लेख कर बताया गया कि इस साल खरीफ सीजन से सरकार ने ऑनलाईन खाद विक्री शुरू की है, जिसमें किसान बहुत परेशान है जिससे खाद की ऑनलाईन विक्री तत्काल बंद करा कर पुरानी व्यवस्था से खाद उपलब्ध कराई जाये। किसानो को डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाये जो सरकार ने रोक रखी है।

किसानों की पैदावार कम होगी तो इसका जबाबदारी प्रदेश और देश की भाजपा सरकार ही होगी। किसानो को प्रति एकड़ 2 बोरी डीएपी एवं 2 बोरी यूरिया प्रदान की जाये। किसानो को आपूर्ति विभाग डबल लॉक एवं व्यापारियों के पास उपलब्ध है, साथ ही सेवा सहकारी समितियों को भी खाद विक्री के आदेश जारी करें ताकि किसान को परेशानी न हो सकें। इसी के साथ भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार का तुगलकी फरमान जारी कर देते है कि सिर्फ ट्रेक्टर में किसान को डीजल दिया जाये, गुम्मा/कुप्पा में नहीं, किसानों को पर्याप्त मात्रा में सस्ती दर पर दिया जाये, बढ़ी हुई दर वापिस ली जाये। अत्यधिक बिजली बिल और बिजली बिल की अवैद्य तरीके से वसूली तत्काल प्रभाव से रोकी जावे। हरी एवं सफेद मटर शासकीय मूल्य पर खरीदी जाये। इसके अलावा ज्ञापन में नगर के लालटेक पर बसे डूब क्षेत्र से विस्थापित लोगो एवं अन्य गरीब लोगो को तत्काल प्रभाव से रहवासी पट्टे उपलब्ध कराये जाये। एक एकड़ में चार क्विटल के मान से मूंग खरीदी तत्काल शुरू की जाए। ज्ञापन देने के पूर्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा सरकार को खरी खोटी सुनाते हुए जमकर कोसा।

ज्ञापन के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानक पटेल,महेंद्र प्रताप सिंह चौधरी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ, नगर अध्यक्ष दीपेश पटेरिया, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक, दीवान अमर सिंह, पटेरा ब्लॉक अध्यक्ष नंदू चौरसिया, नितिन ताम्रकार धर्मेंद्र जैन, प्रदीप खटीक, घनश्याम यादव, बृजेश गुप्ता, सुनील राय, सौरभ राय, अवधेश पटेरिया, आलोक वर्धन हजारी, संदीप दुबे राजेश यादव, विनोद वर्मन, विवेक जैन, रामनाथ राय, पार्षद लखन कोरी, कैलाश ताम्रकार सहित सैकड़ो कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

## अग्निवीर जवानों का तिलक, फ़ूल माला पहनाकर किया सम्मान

**पथरिया।** अग्नि वीर में ट्रेनिंग कर चार जवान घर लौटे चारो अग्निवीर ज़वानों का ग्राम केवलारी में स्वागत किया गया,समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत के सरपंच राजेश प्रताप सिंह लोधी ने सभी को फूलमाला पहनाकर एवं राष्ट्रीय चिन्ह सील्ड भेट कर सम्मानित किया उक्त अवसर पर सचिव राजू राजपूत,बद्री पटेल एवं ग्रामीणों ने जवानों का गुलाल लगाकर,फूलमाला पहनाकर व पुष्पवर्षा कर सम्मान किया गया पथरिया फिजिकल अकैडमी के कोच विकास पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी नवनियुक्त जवानों की ट्रेनिंग व पोस्टिंग माखन पटेल ट्रेनिंग सेंटर बेंगलुरु पोस्टिंग असम,विशाल



सिंह लोधी ट्रेनिंग सेंटर उड़ीसा पोस्टिंग लेह लद्दाख,प्रशांत रजक ट्रेनिंग जबलपुर पोस्टिंग अमृतसर पंजाब में की गई एवं राजीव अहिरवार जिनकी ट्रेंनिंग अभी बैंगलोर में चल रही है। सरपंच ने अग्नि वीर जवानों की सफलता पूरे जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है उन्होंने कहा कि अनुशासन कठिन परिश्रम व दृढ़ संकल्प के बल पर कोई भी युवा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है उन्होंने युवाओ से सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने व राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रीय भागीदारी निभाने का आव्हान किया जवानों के सभी स्नेहीजनो सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्तिथि रहे।

## बरसात में नदी-नालों से दूर रहने की अपील

**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। साथी बरसात के मौसम में इसे देखते हुए एसडीओपी अर्चना अहीर ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से सतर्कता बरतने और सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान नदी, नालों और पुल-पुलियों के आसपास जाने से बचें तथा किसी भी स्थिति में बहते पानी को पार करने का प्रयास न करें। एसडीओपी ने अभिभावकों से विशेष आग्रह किया है कि वे छोटे बच्चों पर लगातार नजर रखें और उन्हें नदी-नालों, तालाबों तथा जलभराव वाले स्थानों के पास अकेले न जाने दें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। ग्रामीणों से भी अनुरोध किया गया है कि वे बारिश के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और मौसम खराब होने पर सुरक्षित स्थानों पर ही रहें। प्रशासन ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी आपात स्थिति या दुर्घटना की जानकारी तत्काल पुलिस एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को देने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि सभी की सुरक्षा सर्वोपरि है और जनसहयोग से ही बरसात के मौसम में संभावित हादसों को रोका जा सकता है।

## मानसिक रूप से स्वस्थ होना आज की जरूरत- डॉ. पाण्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में प्राचार्य डॉ.जी पी .चौधरी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम 2026- 27 के द्वितीय दिवस NTF के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की समितियो, सुविधाओं एवं गतिविधियों से संबंधित जानकारी नोडल अधिकारी डॉ. राधा ताम्रकार के द्वारा दी गई। मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम की मुख्य वक्ता डॉ. वंदना पाण्डे, सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान विभाग एकलव्य विश्वविद्यालय द्वारा नव-प्रवेशित छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार का स्ट्रेस नहीं लेने और नकारात्मकता में भी किस प्रकार से सकारात्मक सोच विकसित करें, से अवगत कराया गया। इन्होंने एनटीएफ के तहत जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर भी विद्यार्थियों से साझा करे। विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी जिज्ञासा का समाधान भी किया। छात्राओं को बताया कि अपने आस पास या घर परिवार में भी यदि कोई मानसिक बीमारी से ग्रसित है तो उसे हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से काउंसलिंग लेनी चाहिए। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डी. के. नेमा, डॉ. अरुणा जैन, डॉ .अवधेश जैन, डॉ. मालती नायक, डॉ. आर.पी अहिरवार, दीक्षारंभ कार्यक्रम प्रभारी जया अहिरवार, डॉ. असलम खान, डॉ. बृजेंद्र कुसमरिया, डॉ. आराधना श्रीवास, डॉ. प्रणव मिश्रा, प्रीति वर्मा, बृजेश मौर्य, पूजा तंतुवाय, डॉ. अमिता श्रीवास्तव, डॉ. पूर्णिमा श्रीवास्तव, डॉ. उमेश दीपांकर सहित बड़ी संख्या छात्राएं उपस्थित रहीं।

## भाजपा जबेरा मंडल की मासिक बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह की जबेरा विधानसभा अंतर्गत जबेरा मंडल की मासिक मंडल बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं जिला उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य में किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मरण पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया, जिससे संगठन को तकनीकी रूप से और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी राघवेंद्र परिहार, जिला मंत्री रानू नामदेव, जिला आईटी संयोजक रिंकू गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष श्रीकांत बंटी दुबे, वरिष्ठ कार्यकर्ता रूपेश सेन, पूर्व मंडल पप्पू बाजपेई, सुरेश जैन एवं मंडल पदाधिकारी गण एवं शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने एवं आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया।

## ड्यूटी फुल वेतन निल के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

काम करने के बाद भी स्वास्थ्य कर्मचारियों को वेतन न मिलने पर म.प्र. स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने एवं सीएमएचओ कार्यालय के कर्मचारियों ने विरोध जताते हुए यथाशीघ्र वेतन भुगतान की मांग करते हुए डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला संरक्षक राकेश सिंह हजारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा कर्मचारियों पर मनमानी कार्रवाई कर उन्हें आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। म. प्र. स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बीएम दुबे ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मचारी जनवरी 2023 से सार्थक ऐप पर उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं जबकि अभी भी कई जिलों में इस ऐप का उपयोग नहीं हो रहा है फिर भी स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा दी जा रही सतत सेवाओं पर



ध्यान न देकर जिला प्रशासन द्वारा सार्थक ऐप पर चेक इन एवं चेक आउट को सर्वोपरि माना जा रहा है, उन्होंने कहा कि फील्ड कर्मचारियों के जिम्मे कई गांव रहते हैं जहां पर नेटवर्क की बहुत समस्या होती है जिससे सार्थक ऐप पर चेक इन एवं चेक आउट में बहुत परेशानी होती है, ऐसी स्थिति में 8 घंटे उस क्षेत्र मैं कार्यकर घर वापस आकर अनमोल एप पर किए गए कार्य की एंट्री करनी पड़ती है जिसमें अतिरिक्त समय लगता है साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं अत्यावश्यक सेवाएं होने के कारण निर्धारित समय के बाद भी डिलीवरी प्वाइंट पर सेवाएं तथा महामारी नियंत्रण एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियानों में स्वास्थ्य कर्मचारियों को अतिरिक्त काम करना पड़ता है। सार्थक ऐप में मीटिंग, वर्कशॉप, ट्रेनिंग एवं टूर से चेक इन एवं चेक आउट किया जा सकता है जरूरी नहीं की मुख्यालय से ही हो लेकिन जिला प्रशासन द्वारा चेक इन एवं चेक आउट को आधार मानकर कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया है जिससे उन्हें बहुत ही आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ति होना पड़ रहा है क्योंकि जुलाई माह में बच्चों के एडमिशन फीस, पठन पाठन सामग्री, होम लोन आदि पर बहुत खर्च होता है।

सीएमएचओ कार्यालय एवं जिला अस्पताल से संजू जैन, योगेश जाट एवं आमिर अली ने कर्मचारी हित में जल्दी से जल्दी वेतन भुगतान करने की मांग की। इस मौके पर केआर पांडेय, राजीव बड़कुल, शैलेंद्र श्रीवास्तव, महेंद्र अहिरवाल, इरफान, रतन सिंह, राजीव सोनी, शंकर सिंह, शकील, मुलायम, विनोद, पवन स्वप्निल आदि की मौजूदगी रही।

## दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन घायल



**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है लेकिन हादसे का मुख्य कारण रिमझिम बारिश भी बताई जा रही है। इस हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं अन्य सुरक्षित है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार हादसे दोपहर 2 बजे के बीच पाटन तेंदूखेड़ा मार्ग पर स्थित नरगुवा की घाट पर हुआ है। जहां पर दो कारे आमने-सामने टकरा गई इस हादसे में प्रीति पति धर्मेंद्र लोधी उम्र 32 वर्ष डाल सींग पिता सूरज लोधी उम्र 48 गीता पति डाल सींग उम्र45 वर्ष तीनों घायल जबलपुर जिले के शहपुरा भिटोनी निवासी हैं जो तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हर्रई तेजगढ़ ग्राम जा रहे थे। लेकिन नरगुवा की घाट पर इनकी कार स्कॉर्पियो कार से टकरा गई जिसमें गढ़ाकोटा निवासी लोग मौजूद थे जो जबलपुर की और जा रहे थे। पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें नरगुवा की घाट पर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन घाट पर हादसे घटित हो रहे हैं लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है ना ही ध्यान दिया जा रहा है।

## वर्षों बाद जबेरा थाना को मिला स्थायी टीआई

**दमोह।** वर्षों के लंबे इंतजार के बाद जबेरा थाना को आखिरकार स्थायी थाना प्रभारी (टीआई) मिल गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रविन्द्र बागरी ने विधिवत रूप से जबेरा थाना का पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके आगमन से क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है। पदभार संभालने के बाद टीआई बागरी ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास को मजबूत करना रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यातायात व्यवस्था में सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। गौरतलब है कि जबेरा थाना लंबे समय से स्थायी प्रभारी के अभाव में संचालित हो रहा था, जिससे पुलिस व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। अब नए टीआई की नियुक्ति से पुलिसिंग में तेजी आने की उम्मीद है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भी नए थाना प्रभारी का स्वागत करते हुए बेहतर कानून व्यवस्था की अपेक्षा जताई है। टीआई बागरी ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी समस्या या सूचना को बिना झिझक पुलिस तक पहुंचाएं, ताकि समय पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## लापता बुजुर्ग का कंकाल जंगल में मिला

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा थाना निवासी ग्राम सांगा के अट्ठी गौड़ का कंकाल तेजगढ़ थाना अंतर्गत सिमरिया कंसा के जंगल में मिला हैं 19 जून शाम 7 बजे सांगा निवासी अट्ठी पिता भगुन्ता गौड़ 66 शाम 7 बजे बिना बताएं घर से चला गया। परिजनों ने आसपास एवं रिश्तेदारों के यहां तलाश किया लेकिन कोई खबर नहीं मिलने पर 23 जून को तेंदूखेड़ा पुलिस थाना में गुमशुदी दर्ज कराएं। इसके बाद परिजन एवं पुलिस लगातार अट्ठी को ढूढ़ने का प्रयास करती रहे लेकिन कोई सुराग नहीं लगा शुक्रवार को अ्टठी के लडके धुररा एवं बडे पिताजी के लडके रामसींग, रामधार को अट्ठी का कंकाल सिमरिया कंसा के जंगल में मिला जिसकी सूचना तेजगढ़ पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही कर कंकाल को डीएनए जांच के लिए मेडीकल कांलेज सागर भेजा जाएंगा। अट्ठी के लडके एवं परिजनों ने बताया कि मेरे पिताजी का दिमागी



स्वास्थ्य ठीक नहीं था पहले भी वह कई बार घर छोडकर चले जाते थे और दिनभर में या फिर चार पांच दिन में वापिस आ जाते थे लेकिन इस बार चार दिनों तक नहीं आने पर पुलिस में शिकायत दर्ज की एवं पिताजी को ढूढ़ने का प्रयास करते रहे लेकिन कहीं भी कोई पता नहीं चल सका था। प्रधान आरक्षक महेश, संदीप महोविया ने बताया कि जंगल में शव क्षत विक्षित हालत में था सिर्फ कंकाल बचा हैं डीएनए जांच के बाद ही परिजनों के सुपुर्द किया जाएंगा।

इस संबंध में तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि सांगा के जंगल में एक कंकाल मिलने की सूचना मिली थी जो सांगा निवासी का है मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की गई एवं शव को डीएनए जांच के लिए सागर भेजा गया है मौत के कारणों का स्पष्ट हो सकें।

### तीन साल के कार्यकाल की सराहना, नई पदस्थापना नहीं होने से बढ़ी चिंता

## बनवार चौकी प्रभारी को दी भावभीनी विदाई




**बनवार।** बनवार पुलिस चौकी प्रभारी मनीष यादव के स्थानांतरण पर शुक्रवार को चौकी परिसर में एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उनके केरबाना पुलिस चौकी में स्थानांतरण के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और पुलिस स्टाफ ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और भावभीनी विदाई दी। समारोह के दौरान वक्ताओं ने मनीष यादव के बनवार में रहे तीन वर्षीय कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रही। उन्होंने हमेशा जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य किया, जिससे आमजन में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बना रहा। हालांकि, इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण चिंता भी सामने आई। मनीष यादव के स्थानांतरण को एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद बनवार पुलिस चौकी में नए प्रभारी की पदस्थापना नहीं हो सकी है। वर्तमान में चौकी का संचालन एक प्रधान आरक्षक, दो आरक्षक और एक नगर सैनिक के भरोसे किया जा रहा है, जो लगभग 22 गांवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। बनवार जैसी संवेदनशील चौकी का प्रभारी विहीन होना क्षेत्रवासियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। थाना प्रभारी अभिषेक पटेल, मंडल अध्यक्ष रोहित जैन, वरिष्ठ पत्रकार मनोहर शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सुभाष अहिरवार, सरपंच देवी सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक राजेश सिंह, रामसेवक जैन, एवं कंचेदी यादव। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने मनीष यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके नए पदस्थापना स्थल केरबाना में सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### पंचायत की लापरवाही पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

# भारी बारिश से सिंग्रामपुर जलमग्न घरों और स्कूलों में घुसा पानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

गुरुवार, शुक्रवार सुबह हुई मूसलाधार बारिश ने सिंग्रामपुर सहित आसपास के कई गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। लगातार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर आ गए और गांव के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बन गई। नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से बारिश का पानी घरों, स्कूलों, सोसाइटी परिसर, बालक छात्रावास और सार्वजनिक स्थानों में घुस गया। कई घरों में पानी भरने से लोग परेशान नजर आए, जबकि बच्चे पानी से भरी गलियों में खेलते दिखाई दिए।

सबसे अधिक परेशानी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में देखने को मिली। स्कूल परिसर और मैदान में घुटनों तक पानी भर जाने से छोटे-छोटे बच्चों को कक्षाओं तक पहुंचने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के चार महीनों तक हर वर्ष यही स्थिति बनी रहती है, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं किए जाते।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत द्वारा वर्षों से नालियों की सफाई नहीं कराई गई है। जगह-जगह नालियां कचरे से भरी हुई हैं, जिससे पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो जाती है। परिणामस्वरूप बारिश का पानी सीधे घरों और सार्वजनिक भवनों में घुस जाता है।

ग्रामवासी प्रभु पटेल ने बताया कि उनके वार्ड सहित पूरे गांव में कई वर्षों से नालियों की सफाई नहीं हुई है। नालियां कूड़ा-कचरे से अडे पड़ी हैं और पंचायत प्रतिनिधि समस्या का जायजा लेने तक नहीं आते। उन्होंने बताया कि खेरमाई मंदिर के पास मुख्य नाली चोक होने से पानी की निकासी बंद हो गई है, जिससे आसपास के घरों में पानी भर गया और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### नालियों पर अतिक्रमण भी बना बड़ी समस्या

ग्रामीणों के अनुसार जलभराव का एक बड़ा कारण नालियों पर किया गया अतिक्रमण भी है। कई स्थानों पर लोगों ने मुख्य नालियों के ऊपर स्लैब और अन्य निर्माण कर दिए हैं, जिससे पानी का प्रवाह रुक गया है। वर्षों से सफाई नहीं होने और अतिक्रमण के कारण हर बारिश में गांव जलभराव की चपेट में आ जाता है।

#### ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव की सभी नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए, अतिक्रमण हटाकर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा स्कूल परिसर और निचले इलाकों में जलभराव की स्थायी समस्या का समाधान किया जाए, ताकि बरसात के मौसम में लोगों और स्कूली बच्चों को राहत मिल सके।

### कीचड़ भरे रास्ते में लोगों को पैदल चलना हो रहा मुश्किल

## बूढ़ा हटा गांधी वार्ड के लोग बारिस में जी रहे नरकीय जीवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर पालिका द्वारा भले ही नगर के वार्डो में सीसी निर्माण कार्य कराया गया हो लेकिन घनी आबादी वाले गांधी वार्ड बूढ़ा हटा में रहने वाले लोग आज भी सीसी सड़क निर्माण न होने के कारण बारिस के मौसम में कीचड़ के दलदल से चलकर नारकीय जीवन जीने मजबूर हैं।

गौरतलब है कि नगरपालिका के पीछे से जानें वाले गांधी वार्ड बूढ़ा हटा में जाने वाली गली में जगह-जगह सीसी निर्माण कार्य नहीं कराया गया जिससे विगत तीन दिनों से हो रही बारिस में इस गली में रहने वाले लोग कीचड़ के बीच से निकलने मजबूर है। वही दूसरी ओर स्कूल और आंगनबाड़ी से मुख्य मार्ग पर हालात इससे भी ज्यादा बदतर स्थिति में है जहां स्कूली बच्चों एवं आम लोगो का पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। वार्डवासियों ने बताया गया कि जहां हम लोगो के घरों तक सीसी निर्माण कार्य विगत आठ माह से बंद पड़ा हुआ है उस निर्माण के लिए हम लोगो के प्रसाधन भी तोड़ दिए गए चौड़ीकरण करनें के लिए उसके बाद भी उसका निर्माण नहीं कराया गया। कई बार नगरपालिका को सीसी निर्माण कार्य एवं नाली निर्माण के लिए आवेदन दिये गये परंतु किसी के द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जिसका परिणाम इस बारिश में वार्डवासी भुगतने मजबूर है।

#### बारिस के पानी में गंदगी सड़क पर-

लोगो का कहना है कि नगर पालिका के पीछे मछली मार्केट से जानें वाले गांधी वार्ड में दलदल के बीच होकर लोग अपनें घर पंहुचते है जिसमें इस कीचड़ भरे रास्ते में लोग अपने वाहनों से गिरकर चोटिल भी हो रहे वहीं जिस जगह पर इस वार्ड में सीसी निर्माण कार्य छोड़ा गया है वहां की स्थिति देखी जाए तो वार्ड का गंदा पानी एकत्रित होकर जमा हो जाता है एवं उसमें काफी ताद्दाद में गंदगी व बदबू के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से लोगो को बीमारियो का खतरा सताने लगा है दिन में लोग जैसे कर कीचड़ वाली सड़क को पार कर घर पहुंच जाते है लेकिन रात के समय इस दलदल के बीच से होकर गुजरना लोगो को खतरो से खाली नहीं है फिर भी सुस्त प्रशासन की कार्यप्रणाली से हालातों पर व्यवस्था पर सुधार नहीं कराया गया।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत 256 श्रद्धालु हरिद्वार—ऋषिकेश रवाना

**दमोह।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ दर्शन कराने का संकल्प निरंतर साकार हो रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से तीर्थ दर्शन ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, जिससे बुजुर्ग श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर मिल रहा है, यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ट्रेन में भोजन, पेयजल, चिकित्सकों की उपलब्धता सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इसके साथ ही पूरी ट्रेन वातानुकूलित (एसी) होने से यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और सुखद यात्रा का अनुभव मिलेगा।



इस आशय के विचार के प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज दमोह से हरिद्वार-ऋषिकेश के लिए तीर्थ दर्शन विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए व्यक्त किए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा दमोह से इस पवित्र यात्रा की शुरुआत होना जिले के लिए विशेष महत्व रखता है। ट्रेन में लगभग 750 श्रद्धालु तीर्थ दर्शन के लिए रवाना हुए। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार वरिष्ठ नागरिकों एवं पात्र श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित तीर्थयात्रा का अवसर उपलब्ध करा रही है, उन्होने कहा यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की संपूर्ण व्यवस्था सरकार द्वारा सुनिश्चित की गई है। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण एवं विकास को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या और महाकाल लोक जैसे धार्मिक स्थलों का भव्य विकास कराया गया है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में बांदकपुर धाम कॉरिडोर का निर्माण भी प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। विधायक जयंत मलैया ने कहा ये सिर्फ योजना नहीं, बुजुर्गों के सम्मान और आस्था की यात्रा है, उन्होने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए उन्हें मंगलमय, सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे न कहा यात्रियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ और बधाई देना चाहता हूँ।

## लुहारी के पास स्कूटी में भरी 300 पाव अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कुड़ई निवासी बिंदु दहायत अपने एक साथी के साथ इलेक्ट्रानिक स्कूटी से अवैध शराब लेकर लुहारी तरफ आ रहा है जहां मुखबिर की सूचना पर हटा थाना पुलिस तस्दीक करनें पहुंची जहां जानकारी पर लुहारी से लुहर्रा रोड पर सुजानपुरा गांव के प्रतिक्षालय के करीब एक किमी आगे लुहर्रा मार्ग पर आने जाने वाले वाहनों की चैकिंग की गई जो उसी दौरान लुहर्रा तरफ से एक दो पहिया वाहन लुहारी तरफ आते दिखा जिसे टार्च के उजाले में पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया जहां वाहन का चालक एवं पीछे बैठा व्यक्ति वाहन को रोड किनारे छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर खेतों से भाग गये। वहीं पुलिस द्वारा उक्त वाहन की चेकिंग की गई तो उसकी डिग्गी के अंदर 06 पालीथिन में प्लेन शराब एवं 06 पालीथिन में देशी मदिरा मसाला लेमन आरेंज के पाउच शीलबंद रखे मिले कुल 300 पाव करीब 54 लीटर अवैध शराब को पुलिस ने स्कूटी सहित जप्त किया गया जहां शराब की अनुमानित कीमत 25500 रू. है।पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्व कर उनकी तलाश की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सुधीर बेगी प्र.आर. अनिल गौतम कमल सिंह आरक्षक पवन पटेल सोनू कुर्मी का सराहनीय योगदान रहा।

## मध्य प्रदेश फुटबॉल अकादमी के लिए 6-7 जुलाई को टैलेंट सर्च

**दमोह।** जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा मध्य प्रदेश फुटबॉल अकादमी के लिए अंडर-18 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों की टैलेंट सर्च चयन प्रक्रिया का आयोजन 6 एवं 7 जुलाई 2026 को सेंट नॉरबर्ट स्कूल, दमोह में किया जाएगा। चयन प्रक्रिया प्रतिदिन सुबह एवं शाम दो सत्रों में संपन्न होगी। मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के महासचिव अमित रंजन देव ने बताया कि टैलेंट सर्च का उद्देश्य प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें मध्य प्रदेश फुटबॉल अकादमी में प्रशिक्षण एवं खेलने का अवसर प्रदान करना है। चयन समिति में आशीष पिल्ले एवं स्वपन कुमार दास शामिल रहेंगे। वहीं चयन प्रक्रिया के सफल संचालन की जिम्मेदारी जिला फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों राजेश सालोमन, विकास जैन, श्रीकांत शर्मा, किशन सिंह, तरुण नामदेव तथा विवियन राम द्वारा निभाई जाएगी। यह चयन प्रक्रिया प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और मध्य प्रदेश फुटबॉल अकादमी तक पहुंचने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी।

## कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

#### कार्यालय पहुंचकर आंदोलन की चेतावनी

**हटा।** ग्रामीण क्षेत्रो में इन दिनों विद्युत विभाग की मनमानी चरम पर है जिससे ग्रामीण जन काफी परेशान होते नजर आ रहे है और बगैर लाइट के इस बारिस के मौसम में उमस भरी गर्मी से अंधेरे में रहकर परेशानियों का सामना कर रहे है लेकिन विद्युत विभाग के जिम्मेदारों को इनकी परेशानियों से कोई लेना देना नहीं रहता जिस कारण लोग जब सड़को पर उतरकर प्रदर्शन करने मजबूर हो जाते है तब कहीं यह नींद से जागते है। ऐसा ही कुछ शुक्रवार की सुबह नमो ना का विद्युत मंडल कार्यालय में देखने को मिला जहां बिजली समस्या से परेशान ग्राम हारट के दर्जनों लोग ग्रामीण मंडल कार्यालय हटा पहुंचे जहां अधिकारी अपनी कुर्सी से नदारद थे सिर्फ कर्मचारी ही कार्यालय में मौजूद रहें। ग्रामीणों ने बताया गया कि ग्राम के हरिजन मुहल्ला व उसके आसपास ग्राम में लगा 100 केव्ही ट्रांसफार्मर बीते 20 जून को जलकर खराब हो गया था जिससे करीब 75 घरों की बिजली प्रभावित है कई बार लाइनमेन सहित ग्रामीणों द्वारा विभाग के अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया गया लेकिन आज दिनांक तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया जिससे लोग अंधेरे मैं रहकर परेशानियां झेल रहे हैं। ग्रामवासी दामोदर जैन गोविन्द राय लालसिंह राजपूत मनीष पंडित उमाकांत पिड़हा करन बसोर शरमन बद्री गनेष सेन तुलसीराम अहिरवार भूपत अहिरवार हरिराम अनंता एवं अन्य लोगो द्वारा बताया गया कि बीते 12 दिनों से हम लोग अंधेरे में रहने मजबूर है हम लोगो के बिजली बिल भी शेष नहीं है लेकिन इसके बाद भी ट्रांसफार्मर को नहीं बदला गया वहीं इसी अंधेरे में कल ही गांव में एक घटना घटित हुई थी जहां एक जहरीले सर्प द्वारा एक लड़की को काट लेनें से परिजन उसे जबलपुर लेकर पहुंचे थे जहां उसका उपचार जारी है बारिस के मौसम में जीव जंतुओं का निकलना आम बात है लेकिन अंधेरे में लोगो का रहना खतरो से खाली नहीं है। ग्रामीणों द्वारा सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि ग्राम में ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो जिस प्रकार अजब धाम फतेहपुर में लोगो द्वारा सड़कों पर उतरकर प्रदर्षन किया गया था उसी प्रकार हम लोग भी सड़को पर चक्काजाम करनें मजबूर रहेगें।



## तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटा लोहे की छड़ से लोड हादसे में चार घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

रिमझिम बारिश के बीच तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटने का घटनाक्रम सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया चौकी के समीप सतधरू घाटी पर शुक्रवार शाम को लोहे की छड़ से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार चालक सहित चार लोग बुरी तरह घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए तत्काल 108 एंबुलेंस के माध्यम की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां ड्यूटीरत डॉक्टर ने चारों का प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर होने पर जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार घायलों में सुरेंद्र लोधी 38 वर्ष, आकाश लोधी 21 वर्ष निवासी हाथी घाट, हरिद्वार शामिल हैं। मौके पर 108 पायलट मनोज, ईएमटी संदीप और एक अन्य 108 पायलट व ईएमटी ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया बताया जाता है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पर अत्यधिक मात्रा में लोहे की छड़ लदी हुई थी। रिवर्स करते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। स्थानीय लोग इसे लापरवाही बता रहे हैं हादसे की सूचना मिलते ही इमलिया चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अज्ञात कार की टक्कर से हादसे की वजह, बाइक सवार तीन घायल

**बनवार।** जबेरा थाना क्षेत्र के कलेहरा चौराहे पर तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला, जहां एक अज्ञात बोलेरो वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 एफआरवी टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जबेरा से आरक्षक उवेश खान और पायलट महेंद्र ठाकुर ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को मौके से उठाकर एंबुलेंस के जरिए जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की हालत स्थिर बताई है, जिनका इलाज जबेरा में ही जारी है। वहीं एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो वाहन की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर मारने के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश भी देखने को मिला। जबेरा पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और फरार वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। इस हादसे ने एक बार फिर क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरे को उजागर कर दिया है।

## कक्षा ग्यारहवीं की प्रयोगात्मक कार्य पाठ्यपुस्तक में त्रुटियों का सुधार हुआ

**दमोह।** कक्षा ग्यारहवीं की भूगोल की भूगोल में प्रयोगात्मक कार्य नामक पाठ्यपुस्तक में विगत अनेक वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा संबंधी मुख्य तथ्यों को विपरीत रूप में लिखा जाना और उसके आधार पर गलत अध्ययन अध्यापन होना उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान प्राप्त वीरेन्द्र जैन श्विद्यार्थीश के संज्ञान में आया। गत वर्ष तक की उन पाठ्यपुस्तकों में बताया गया था कि मंगलवार को पूर्व दिशा में जाने वाले व्यक्ति के लिए अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा को पार करने पर बुधवार का दिन हो जाएगा जबकि सही बात यह है कि सोमवार का दिन हो जाएगा तथा मंगलवार को पश्चिम दिशा में जाने वाले व्यक्ति के लिए अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा को पार करने के बाद सोमवार का दिन हो जाएगा जबकि सही बात यह है कि बुधवार का दिन हो जाएगा।

### वीरेन्द्र जैन विद्यार्थी के प्रयासों से हुआ सुधार

विगत वर्ष आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के भूगोल विषय से संबंधित प्रोफेसरों और डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के भूगोल विषय के प्रोफेसरों से उपरोक्त संबंध में चर्चाएँ हुईं जिसमें पूर्व वार्णित त्रुटियों का होना स्वीकार किया गया। शिक्षण सत्र 2025-26 में मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल और एन.सी.ई.आर. टी. नई दिल्ली को उपरोक्त त्रुटियों के संबंध में वीरेन्द्र जैन श्विद्यार्थीश द्वारा जानकारी दी गई थी एवं संशोधन करने संबंधी आवश्यक सुझाव तथा लेख आदि प्रेषित किये गये थे, किंतु त्रुटियाँ दूर नहीं हो सकीं। अनेक प्रयासों के पश्चात वर्तमान सत्र 2026-27 में प्रचलित संबंधित पाठ्यपुस्तकों में उपरोक्त त्रुटिपूर्ण तथ्यों को सुधार दिया गया है। इस प्रकार संशोधित विषयवस्तु से विद्यार्थियों और शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा संबंधी सत्य तथ्यों का बोध होगा और प्रयोगात्मक कार्य करके सीखने हेतु प्रेरणा मिलेगी। वीरेन्द्र जैन विद्यार्थी ने सभी मार्गदर्शकों एवं एनसीटीई का आभार व्यक्त किया है।

## इमलीडोल के जंगल से शुरू हुआ सीड बॉल अभियान

**तेंदूखेड़ा।** ग्रामीण विकास समिति द्वारा वर्षा ऋतु में वनों के संरक्षण एवं हरित क्षेत्र बढ़ाने के उद्देश्य से सीड बॉल अभियान की शुरुआत विकासखंड तेंदूखेड़ा के ग्राम इमलीडोल बीट के जंगल से की गई। अभियान के प्रथम चरण में वन समिति एवं ग्राम समुदाय के लोगों ने जंगल की खाली पड़ी वन भूमि में सीड बॉल डाले। अभियान का उद्देश्य जंगलों का घनत्व बढ़ाना, प्राकृतिक रूप से नए पौधों का विकास करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा ग्रामीणों में वन बचाओ, पर्यावरण बचाओ का संदेश पहुंचाना है। साथ ही लोगों में प्रकृति एवं वनों के संरक्षण के प्रति स्थायी आदत विकसित करना भी अभियान का प्रमुख लक्ष्य है। समिति ने सभी नागरिकों से वन संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के इस जनअभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की। जंगल रहेंगे तो जल रहेगा, जल रहेगा तो कल रहेगा। आइए, सीड बॉल अभियान से हरियाली बढ़ाने का संकल्प लें। सरपंच नवल झारिया, सहायक सचिव ब्रजेश सिंह, ग्रामीण विकास समिति से गोविन्द यादव, केशर प्रसाद, ज्योति राव, प्रियंका साहू, सुषमा यादव, वन समिति अध्यक्ष धीरसिंह, भागसिंह, राजेश सिंह, नीरज यादव सहित ग्राम के बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अभियान को सफल बनाया।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा ग्रामीण क्षेत्र से 10 यात्रियों का हुआ चयन

**गैसाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा में ग्रामीण क्षेत्र के 10 श्रद्धालुओं का चयन किया गया था जिनको विगत दिवस हटा जनपद के अध्यक्ष गंगाराम पटेल एवं कचनारी जनपद क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि पंडित गोलू उपाध्याय द्वारा यात्रियों को तीर्थ दर्शन यात्रा की टिकट देकर सभी यात्रियों को मंगल शुभकामनाओं के साथ यात्रा पर रवाना किया गया। श्रद्धालुओं की यह यात्रा हरिद्वार ऋषिकेश जैसे पवित्र तीर्थ स्थानो पर जाएगी।




### कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह (म.प्र.)

क्र./निविदा/2026/507

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

हटा, दिनांक 03/07/2026

केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली के अंतर्गत म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु लमसम आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि (वर्षाकाल सहित) एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_519221_1 04-07-2026 | नगर पालिका परिषद कार्यालय के पास स्थित पानी की टंकी तोड़ने का कार्य। | 1- 01 माह<br>2- 3.00 लाख | 1- 2000.00<br>2- 3000.00 | 21-07-2026 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।(2) निविदाकार अपनी दरे लमसम जी.सी.टी राशि सहित प्रस्तुत करें पृथक से जी.सी.टी. राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा। देयक से नियमानुसार करों की कटौती की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हटा, जिला दमोह